# University in News on 20 October 2024

## HINDUSTAN PAGE 3

# एलयू ने दोबारा पोर्टल खोला पंजीकरण 22 नवंबर तक

**दाखिले की दौड़**

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय ने दोबारा लखनऊ विश्वविद्यालय रजिस्ट्रेशन नंबर (एलयूआरएन) पोर्टल खोल दिया है। संबद्ध कॉलेजों व एलयू सहयुक्त महाविद्यालय शिक्षक संघ (लुआक्टा) की मांग पर यह पोर्टल खोला गया है। इससे अब एलयू से संबद्ध कॉलेजों में दाखिला लेने के इच्छुक विद्यार्थी 22 नवंबर तक पंजीकरण करा सकेंगे।

एलयू से संबद्ध कॉलेजों में शैक्षिक सत्र 2024-25 प्रवेश प्रक्रिया के तहत स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रमों की सीटें भरने के लिए विश्वविद्यालय ने एलयूआरएन पोर्टल खोल दिया है। जिन विद्यार्थियों का दाखिला नहीं हो पाया है वह पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी कर एडमिशन ले सकेंगे।

इस संबंध में कुलसचिव विद्यानंद त्रिपाठी की ओर से आदेश जारी किया गया है। प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव का कहना है कि एलयू से संबद्ध कॉलेज में दाखिले के लिए एलयूआरएन पंजीकरण अनिवार्य है। बिना एलयूआरएन नंबर के किसी भी छात्र-छात्रा का प्रवेश वैध नहीं माना जाएगा।



**100** रुपये शुल्क देना होगा एलयूआरएन पंजीकरण के लिए

- एलयू की वेबसाइट के जरिए विद्यार्थियों को करना होगा अपना रजिस्ट्रेशन

### कालीचरण में 207 सीटों पर प्रवेश का मौका

कालीचरण पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. चंद्रमोहन उपाध्याय के अनुसार बीएससी पीसीएम में 60 के सापेक्ष 22, बीए 840 में 90, बीबीए 60 में 15 और बीकॉम की 360 सीटों में लगभग 80 सीटें रिक्त हैं।

### खुन खुन जी में 213 सीटें खाली

चौक स्थित खुन खुन जी गर्ल्स पीजी कॉलेज की प्राचार्या प्रो. अंशु केडिया ने बताया कि कॉलेज में बीए की 385 सीटों के सापेक्ष 142 और बीकॉम की 60 के सापेक्ष 31 व एमए में 40 सीटें खाली हैं।

### इन कॉलेजों में सीटें रिक्त, मिल सकता है मौका

एलयू से संबद्ध कई राजकीय, वित्तपोषित और स्ववित्तपोषित कॉलेजों में यूजी और पीजी स्तर के पाठ्यक्रमों की तकरीबन पांच हजार से ज्यादा सीटें रिक्त हैं। इसमें बप्पा श्री नारायण वोकेशनल पीजी कॉलेज (केकेवी), श्री जय नारायण मिश्र पीजी कॉलेज (केकेसी), नवयुग कन्या महाविद्यालय, खुन खुन जी गर्ल्स पीजी कॉलेज, एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स, शशि भूषण, नारी शिक्षा निकेतन, कालीचरण पीजी, महिला विद्यालय डिग्री कॉलेज और विद्यांत हिन्दू पीजी कॉलेज समेत कई अन्य हैं।

प्रवक्ता के मुताबिक, इच्छुक अभ्यर्थी एलयू की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर एलयूआरएन पंजीकरण करा सकते हैं। इसके लिए 100 रुपए का शुल्क देय होगा। अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट देख सकते हैं।

## LOKSATYA PAGE 2

# सांस्कृतिकी की ओर से वाद विवाद प्रतियोगिता

लखनऊ, लोकसत्य। लखनऊ विश्वविद्यालय के बीपी प्रधान सभागार में बजे सांस्कृतिकी की ओर से वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित करी गई। विषय था 'ग्लोबल मार्केट फोर्सेस आर पॉजिटिवली इंपैक्टिंग इंडियाज डेवलेपमेंट' । छात्र छात्राओं ने इसमें बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया और पक्ष एवम विपक्ष में नवीन बिन्दु भी रखे। विजेता रहे अखण्ड प्रताप सिंह, अतुलित पाण्डेय, गरिमा एवम विवेक । श्रोता विद्यार्थियों ने रुचि पूर्वक हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो एन के पाण्डेय ने एक सफल डिबेटर की यात्रा समझाई एवम विशिष्ट अतिथि प्रो मैत्रेई प्रियदर्शिनी ने छात्रों को तीन मूलमंत्र दिए। मंच पर सफल रहे वाद विवादी विभूतियों की उपस्थिति एवम विद्वान अधिनिर्णयक मण्डल डॉ गीतिका कपूर, डॉ रोली मिश्रा, डॉ नागेंद्र मौर्य, डॉ वेद एवम डॉ निमिषा के कारण उत्साह निरन्तर बना रहा।

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

# एलयू : रजिस्ट्रेशन की तिथि बढ़ी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय व संबद्ध सभी महाविद्यालयों में लर्न (लखनऊ विश्वविद्यालय रजिस्ट्रेशन नंबर) पर रजिस्ट्रेशन के लिए तिथि बढ़ा दी गई है। विवि के कुलसचिव विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि 22 अक्तूबर तक रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है। इससे पहले 19 अक्तूबर अंतिम तिथि निर्धारित थी। (संवाद)